दैनिक नवज्योति
उदयपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2019

कैम्पस न्यूज

मास्क मेकिंग मे दिखाया उत्साह

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के बीएड कॉलेज में इंटेक हैरिटेज क्लब की ओर से मास्क मेकिंग प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने नारी शक्ति, प्रदूषण, वन्यजीव संरक्षण, भारतीय संस्कृति आदि पर मुखौटे बनाएं। उद्घाटन इंटेक के सह-समन्वयक डॉ ललित पांडे और गौरव सिंघवी ने किया। प्राचार्या डॉ राशि माथुर ने बताया कि प्रतियोगिता में बीएड के शीतल मीणा पहले, भरत आमेटा दूसरे और पायल मीणा तीसरे स्थान पर रहे। डीएलएड प्रतियोगिता मे माधवी सिसोदिया पहले, माया खटीक दूसरे और ललित पटेल तीसरे स्थान पर रहे।

200 छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। हम मानसिक ही नहीं शारीरिक रूप से भी शक्तिशाली हैं, अपने आत्मविश्वास में निरंतर वृद्धि करें। सावधान और सजग रहो। मुसीबत आने पर डरो मत पूरी शक्ति से अपना बचाव और प्रहार करो। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के पीजी कॉलेज में वुमन सेल की ओर से आयोजित सेल्फ डिफेंस शिविर मे छात्राओं को यह सीख सीएमडी. डॉ सीमा सिंह ने दी। शिविर मे 200 छात्राओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. रीना शर्मा ने छात्राओं को कराटे, बॉक्सिंग सीखने के लिए प्रेरित किया।